आकाशवाणी शिमला

12.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

## गुजरात विमान दुर्घटना

एयर इंडिया का लंदन जाने वाला यात्री विमान आज गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान संख्या एआई–171 का यह विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भर रहा था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार विमान में दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें 2 पायलट और 10 केबिन क्रू शामिल थे। इनमें से एक सौ उन्नहत्तर भारतीय नागरिक, तरेपन ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक हैं। दुर्घटना पर अधिक जानकारी के लिए एयर इंडिया ने एक यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 स्थापित किया है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो के महानिदेशक, निदेशक जांच और जांच टीम भी अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि सभी विवरणों के समन्वय के लिए मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि वह सभी प्रभावितों को त्वरित और पूर्ण सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया है। उन्होंने कहा कि वे प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में, उनकी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा ही अग्रणी राज्य रहा है। आज कोटखाई में सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में असर की रिपोर्ट के अनुसार रीडिंग और लर्निंग में हिमाचल देश भर में प्रथम स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी सरकार शिक्षकों और छात्रों के सहयोग से सकारात्मक प्रयास करती रहेगी ताकि हिमाचल पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल राज्य बन सके। रोहित ठाकुर ने कोठखाई में निर्माणाधीन बस अड्डे के परिसर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कोठखाई क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने भी शिक्षा मंत्री के साथ मुलाकात की और अपनी समस्याएं रखी।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने नाहन विधानसभा क्षेत्र के तीन गांवों वनकलां, रखनी और गवाड़ो के लिए बनी सड़क को कुछ लोगों द्वारा कांटेदार तार लगा कर बंद कर देने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। बिंदल ने आज एक बयान में कहा कि ये सड़क डेढ़ महीने से बंद है और इन गांवों के लोगों को जंगल से कूद फांद कर मुख्य सड़क तक पहुंचना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभावित लोगों ने कई बार ये मामला जिला प्रशासन, प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक

के समक्ष उठाया लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला है। उन्होंने इस मार्ग को तुरंत खुलवाने की मांग की।

*नाहन विधानसभा क्षेत्र की बंथला, रखणी, गवाड़ो तीनों गांव की बनी हुई पक्की सड़के डेढ़ महीने से बंद होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, बहुत ही कष्टदायक है, यहां पर रहने वाले सैकड़ों सैकड़ों भाई, बहन, बच्चे, अब वो बिना सड़क के इधर–उधर जंगलों से, खेतों से कूदते फांदते मेन रोड के ऊपर आने को मजबूर, लोक निर्माण विभाग और सरकार और चुने हुए प्रतिनिधि हाथ पर हाथ धरकर बैठे हैं।*

सूरत नेगी

भाजपा नेता सूरत नेगी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के किन्नौर दौरे को पूरी तरह विफल करार दिया है। सूरत नेगी ने आज रिकांगपिओ में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री ने किन्नौर में आकर जिले के लिए कोई भी घोषणा नहीं की। सूरत नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिले में अपनी सरकार के नाम पर जो कार्य गिनवाए, वह केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत हुए हैं और प्रदेश सरकार का इन में कोई सहयोग नहीं है। सूरत नेगी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने किन्नौर दौरा शोंगठोंग परियोजना में हुए कथित भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए किया। उन्होंने किन्नौर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जिले की महिलाओं के लिए कोई भी घोषणा नहीं करने को भी दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

शंकराचार्य

जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज ने केंद्र सरकार से गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की है। शैलेंद्र योगीराज ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि देशभर में गौ ध्वज कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से केंद्र सरकार और सभी 36 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से गाय को राष्ट्र माता व राज्य माता घोषित करने की मांग की जा रही है। उन्होंने ये भी कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार को अपने स्तर पर गाय को राज्य माता का दर्जा देना चाहिए।

*हम चाहते हैं कि पूरे भारतवर्ष के जो प्रदेश है ये राज्यमाता घोषित करना शुरू करें, हम हिमाचल प्रदेश की सरकार से अभी अपील करते हैं कि हिमाचल प्रदेश की सरकार गौ माता को राज्य माता का दर्जा प्रदान करें और राज्य माता घोषित करें और इसी क्रम में केंद्र सरकार से भी हम मांग करते हैं कि केंद्र सरकार राष्ट्र माता के रूप में इसको घोषित करें।*

———————————————————